हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 29 मार्च 2024


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 18.7 डिग्री


10 महिलाओं को संगठित होने की जरूरत: सोनिया





12 शिविर में महिलाओं का स्वास्थ्य जांचा





उनके लिए है... जिनको लगता है अपने सपनों को साकार करना है...

SD CAREER INSTITUTE

SCHOOL + COACHING + HOSTEL

NEET | JEE | NDA | CUET

& Foundation

6th TO 12th & 12th Pass

Admission Open Session 2024-25

उचित फीस में उत्तम शिक्षा

LIMITED SEATS

Hostel Facility Boys & Girls

Near Girls PG College, Opp. Civil Court Mahendergarh, (Hr.)

Ph. 9996715609, 9996691606, 7027242222

सर्वांगीण विकास का केन्द्र है आपका एस.डी. विद्यालय

शिक्षा के क्षेत्र में उदीयमान...

SD GROUP OF SCHOOLS

Where Dreams Become Reality

एस. डी. विद्यालय में EXPERT FACULTY के द्वारा कोचिंग की संपूर्ण व्यवस्था है। जो परिणाम के साथ सिद्ध कर चुके हैं।

SPECIAL COACHING CLASSES from Class V: NDA, CLAT, CUET, CA, AISSEE, IIT/JEE, NEET

74 NEET 2022 & 23 Qualifiers

PARDEEP KUMAR S/o Sh. Omprakash — 651/720

HARSHIT KUMAR S/o Dr. Raj Kumar — 650/720

SELECTED IN JEE ADVANCED

- IIT DELHI — Roll No. 7006301 — Anushpa, D/o Sh. Jaibhagwan
- IIT ALLAHABAD — Roll No. 7003211 — Nitu Sherawat, D/o Sh. Vikram Singh
- IISER PUNE — Roll No. 2020298 — Bharat, S/o Dr. Karmvir
- NIT HAMIPUR — Roll No. 2069341 — Ankit Yadav, S/o Sh. Hanuman
- IIT BANARAS — Roll No. 232039073 — Deepika, D/o Sh. Ramavtar
- NIT ARUNACHAL PRADESH — Roll No. 232037309 — Mohit, S/o Sh. Ravinder Kumar
- IIIT BHOPAL — Roll No. 230310031194 — Paramjeet, S/o Sh. Naresh Kumar

75 JEE Mains 2022 & 23 Qualifiers

SDians Believe in Results not in words

- CA FOUNDATION — Roll. No. 958017 — YATIN AGGARWAL, S/o Sh. Bishan Dayal (Kanina)
- CA FOUNDATION — Roll. No. 958067 — HIMANSHI, D/o Sh. Dinesh Kumar (Kakrala)
- CS CSEET — Roll. No. 250246464 — PRIYA, D/o Sh. Dharmbir (Rasulpur)

98 STUDENTS Qualifiers AISSEE - 2024

NDA QUALIFIERS 2022 & 23

- NITESH KUMAR, S/O SH. SURENDER KUMAR — Roll No. 6341033
- PARAMJEET SINGH, S/O SH. NARESH KUMAR — Roll No. 6351127
- KESHAV SHARMA, S/O SH. KRISHAN KUMAR — Roll No. 086891
- SWETA, D/O SH. SUNIL KUMAR — Roll No. 6347397
- ISHIKA, D/O SH. VIKRAM SINGH — Roll No. 6343263
- SANIA, D/O SH. SATPAL — Roll No. 6348275
- VINEET, S/O SH. ISHWAR — Roll No. 6347912

CBSE RESULT 2023 TOPPERS

- X CLASS — 485/500 — PRAKI, D/o Sh. Ajay, Roll No. 17198522
- XII CLASS — 476/500 — MUSKAN, D/o Sh. Raj Kumar, Roll No. 17689185

BOXING

CHAMPIONS CBSE NATIONAL BOXING-2023
2018 RUNNER UP | 2019 OVERALL CHAMPION | 2023 OVERALL CHAMPION

POSITION 1 FIRST

क्षेत्र में पहली बार SGFI Selected For NATIONAL U-14 FOOTBALL TEAM
HIMANSHU S/O SH. UDAY SINGH (KHERI-TALWANA)

SDians ने की एस्टरॉयड की खोज 2023

नासा से हुए सम्मानित

एस.डी. की बेटियाँ इसरो चीफ एस सोमनाथ जी के साथ

NCC UNIT (BOYS & GIRLS)

NSS UNIT (BOYS & GIRLS)

AC & NON AC HOSTEL FACILITY Available

ORGANIC FOOD

5th Mile Stone, Kanina-Kapoori Road, KAKRALA, Distt. M/garh (Hr.)

Ph. 8607757970 | 7056791005

## खबर संक्षेप

### दुकान से महिला ने एक जोड़ी सोने के टॉपस किए चोरी

**खरखौदा।** मुख्य बाजार में स्थित ज्वेलरी की दुकान से महिला ने एक जोड़ी सोने के टॉपस चोरी किए हैं। चोरी करने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकानदार राधेश्याम वर्मा ने बताया कि दोपहर के समय एक महिला उनकी दुकान में आकर सोने के आभूषण दिखाने को कहने लगी। जब महिला को सोने के आभूषण दिखाए गए तो उसने एक जोड़ी सोने के टॉपस चोरी कर लिये। जिनका वजन 5 ग्राम 750 मिलीग्राम है। महिला ने मौका पाकर आर्टिफिशियल टॉपस उसी ट्रे में रख दिए जिसमें सोने के रखे थे, घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

### अवैध हथियारों सहित दो गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत।** जिल की क्राइम युनिट वेस्ट सोनीपत टीम ने अवैध हथियार सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आकाश निवासी गांव रायपुर सोनीपत का है। जांच अधिकारी नवीन ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान बहालगढ़ रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान दीवान फार्म हाउस के पास एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास अवैध देशी पिस्तौल 32 बोर व दो जिंदा रौंद मिले। आरोपित के खिलाफ सेक्टर-27 शहर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### तेज रफ्तार बाइक ने कर्मी को चपेट में लिया, मौत

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने पैदल जा रहे कर्मचारी को चपेट में ले लिया। हादसे में कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### उपायुक्त ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**सोनीपत।** जिला उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने गुरुवार को जिला जेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से बात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेल अधिकारियों को बंदियों का ध्यान रखने और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहने के निर्देश दिए। बृहस्पतिवार को उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने जिला कारागार में पहुंच कर सभी बैरकों की साफ-सफाई का निरीक्षण किया, जोकि ठीक पाई गई।

### बदलाव को देखते हुए वकील स्वयं में लाएं बदलाव

**खरखौदा।** पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनिल क्षेत्रपाल वार्षिक निरीक्षण के लिए गुरुवार को खरखौदा न्यायालय पहुंचे। यहां पहुंचने पर बार एसोसिएशन प्रधान कमल शर्मा व अन्य वकीलों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। वकीलों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग के बदलाव को समझते हुए वकीलों को समय अनुसार अपने अंदर बदलाव लाना चाहिए।

## महिला पुलिस थाना व वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

# हरियाणा राज्य महिला आयोग हमेशा महिलाओं की सुरक्षा के लिए तत्पर

अधिकारियों को महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। महिला थाने में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए महिला आयोग की वाइस चेयरमैन सोनिया अग्रवाल।

महिला आयोग महिलाओं की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत करवाने के लिए कानूनी जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। यह बात बृहस्पतिवार को हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने महिला पुलिस थाना तथा गांधी कैंप के महिला आश्रम स्थित वन स्टॉप सेंटर सखी का निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने अधिकारियों को महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके उपरांत उन्होंने पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग से महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर चर्चा के दौरान कहा कि शहरी क्षेत्र की छोटी बस्तियों में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए कानूनी जागरूकता शिविर लगाए। आयोग की उपाध्यक्ष ने सर्वप्रथम महिला पुलिस थाना पहुंचकर वर्तमान वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की तथा पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही के फीडबैक के लिए मौके पर एक शिकायतकर्ता से फोन पर बातचीत भी की। महिलाओं की सुविधा के दृष्टिगत पुलिस थानों में एक-एक महिला अनुसंधान अधिकारी तैनात की गई है।

सोनिया अग्रवाल ने गांधी कैंप स्थित महिला आश्रम में संचालित किए जा रहे सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया तथा बेहतर प्रबंधन के लिए संबंधित अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर में आने वाली महिलाओं एवं उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक विरेंद्र सिंह, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश, जिला कार्यक्रम अधिकारी कुमारी दीपिका सैनी, संरक्षण अधिकारी करमिंद्र कौर, जिला बार एसोसिएशन की संयुक्त सचिव सुशीला देशवाल, महिला आयोग की उपाध्यक्षा के कानूनी सलाहकार वजीर नरवाल, एडवोकेट अनीता बुधवार, एडवोकेट चेतना अरोड़ा, रंजना रापड़िया, वरूण अग्रवाल, रीना, सीमा मौजूद रहे।

### महिला थाना में अब तक 38 शिकायतें मिली

महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष अब तक महिला पुलिस थाना में महिलाओं के विरुद्ध अपराध की 38 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से पुलिस द्वारा 30 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है तथा लंबित 8 शिकायतों का भी शीघ्र ही निपटारा कर दिया जाएगा। इसके अलावा महिला पुलिस थाना को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से ही ऐसी 3 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से एक का निपटारा कर दिया गया है तथा लंबित 2 शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा कर दिया जाएगा। उन्होंने महिला पुलिस थाना परिसर का निरीक्षण भी किया तथा मौके पर उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक विरेंद्र सिंह तथा थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



महम। राजकीय माध्यमिक एवम प्राथमिक विद्यालय इमलीगढ़ का निरीक्षण करते जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह व शिक्षा विभाग अन्य अधिकारी।

## डीईईओ ने महम खंड के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने वीरवार को महम ब्लॉक के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ निरीक्षण के समय महम खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल, महम क्लस्टर हेड राजेश नांदल तथा डीईईओ कार्यालय से लाजवंती देवी साथ थे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने वार्षिक परीक्षाओं के बाद स्कूलों में बच्चों की संख्या को देखने हेतु व स्कूल में करवाए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। वीरवार को दोपहर लगभग 1 बजे ज़िला मौलिक शिक्षा अधिकारी दलजीत सिंह महम से सटे गांव इमलीगढ़ में स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे तथा स्कूल का रिकॉर्ड एवं कक्षाओं को चेक किया। इस अवसर पर स्टेट अवॉर्डी अध्यापक अजमेर सिंहमार, अशोक कुमार, विकास कुमार, हरिराम सैनी, राजपाल, ईश्वर, सुनीता, मंजू ,सुमन आदि उपस्थित रहे।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में कैंडल मार्च आज

**गोहाना।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी आज शहर में कैंडल मार्च निकालेगी। कैंडल मार्च सायं 6 बजे अंबेडकर चौक से लेकर शहीद भगत सिंह चौक तक निकाला जाएगा। पार्टी नेता संदीप मलिक ने कहा कि सरकार द्वारा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना भाजपा की तानाशाही है। भाजपा देश को तानाशाही शासन की ओर ले जा रही है। भाजपा निष्पक्ष तरीके से चुनाव नहीं जीत सकती। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर कार्रवाई केवल राजनीति से प्रेरित है। उनके अनुसार कैंडल मार्च का नेतृत्व हरियाणा आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा करेंगे। कैंडल मार्च में पार्टी के भारी तादाद में नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## ई-कंटेंट प्रशिक्षण शिविर में अध्यापकों ने सीखी ऑनलाइन क्विज तथा वीडियो एडिटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



डाइट प्राचार्य वीरेंद्र मलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे पांच दिवसीय ई-कंटेंट डेवलपमेंट प्रशिक्षण शिविर में वीरवार को महम तथा सापला ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों से आए अध्यापकों को क्विजी एप पर ऑनलाइन रोचक क्विज बनाने तथा लाइव क्विज करवाने के बारे में विस्तार से समझाया गया। सभी प्रतिभागियों को काईनमास्टर तथा वीडियो एडिटिंग की विस्तृत जानकारी दी गई। वरिष्ठ डाइट प्रवक्ता डॉ. भूपेंद्र सांगवान ने बताया कि आईसीटी आधारित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी अध्यापकों को सूचना एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाना तथा ई-कंटेंट बनाने एवं प्रयोग करने संबंधी जानकारी देना है। प्रशिक्षण शिविर 30 मार्च तक चलेगा, जिसके ओवरऑल इंचार्ज डाइट प्रवक्ता डॉ. जितेंद्र सिवाच हैं। प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर की भूमिका डॉ. आरती, डॉ. अलका मदान, अनिल कौशिक तथा डॉ. उर्मिला ने निभाई। डाइट की तरफ से प्रवक्ता कुलवीर, सुमन और मनजीत आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं को संगठित होने की जरूरत: सोनिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। महिला आयोग की वाइस चेयरमैन सोनिया अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारी।

हुडा कॉम्पलेक्स स्थित महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट के कार्यालय में बृहस्पतिवार को महिला आयोग की वाइस चेयरमैन सोनिया अग्रवाल व व्यापारिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बालकिशन अग्रवाल पहुंचे। जहां समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। सोनिया अग्रवाल ने कहा कि आज समाज में रिश्ते टूट रहे हैं। हमें लड़कियों के साथ-साथ लड़कों को भी संस्कार देने होंगे रूढ़िवादी प्रथम के कारण केवल लड़कियों को ही संस्कार देने की बात कही जाती है। उन्होंने कहा कहा कि समाज में आज दहेज प्रथा विकराल रूप ले चुकी है। आज लड़कों की बोलियां लग रही है। शादियों में अनाप-शनाप खर्च होता है। जिससे आम आदमी लड़कियों की शादी में अपनी पूरी जमा पूंजी खर्च कर देता है। हरियाणा व्यापारिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बालकिशन अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को संगठित होना होगा महिला ऐसी शक्ति है जो पूरे परिवार को बांध कर रख सकती है अगर महिलाएं चाहे तो कोई भी परिवार नहीं टूट सकता। उन्होंने कहा कि लड़कियों आज पढ़ रही है बड़े-बड़े पैकेज ले रही है। इस मौके पर पर ट्रस्ट के संयोजक देशराज बंसल, महिला विंग की अध्यक्ष मंजू गर्ग, ब्रिजवाला गुप्ता, दीपक गुप्ता, मुकेश गुप्ता, गणपत राय गोयल, आशीष मित्तल चेतना अरोड़ा मौजूद रही।

## प्रदेशभर से पहुंचे नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री ग्रोवर के भाई के निधन पर जताया शोक

- हजारों की तादाद में पहुंचे लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की, सैकड़ों की संख्या में धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने भेजे शोक पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के बड़े भाई सुंदर दास ग्रोवर की शोक सभा में प्रदेश भर से हजारों की तादाद में पहुंचे नेताओं, कार्यकर्ताओं, अधिकारियों और आम नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। संत समाज ने भजन पाठ किया और प्रभु से ग्रोवर परिवार और तमाम रिश्तेदारों को ताकत देने की प्रार्थना की। ओल्ड आईटीआई स्थित शहीद मदनलाल धींगड़ा सामुदायिक केंद्र में आयोजित शोक सभा में पूर्व मंत्रीमनीष कुमार ग्रोवर ने हाथ जोड़कर आये हुए मेहमानों का दुख की इस घड़ी में साथ देने पर आभार व्यक्त किया। विभिन्न आश्रमों से पहुंचे संत समाज ने अपने भजन पाठ से प्रभु का स्मरण किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सभी के साथ मिलकर प्रार्थना की। शोक सभा में पहुंचे हरियाणा के मंत्री सुभाष सुधा, करनाल सांसद संजय भाटिया, सांसद डॉक्टर अरविंद शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद शादीलाल बत्रा, विधायक हरविंदर कल्याण, जींद विधायक कृष्ण मिड्ढा, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष जाकिर हुसैन, वरिष्ठ भाजपा नेता नीतिसैन भाटिया, श्रवण गर्ग गौशाला आयोग चेयरमैन, सीता राम व्यास, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शनी, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा सहित प्रदेशभर से अनेक गणमान्य नागरिको, अधिकारियों ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अनेक सामाजिक , धार्मिक संस्थाओं ने पत्र के माध्यम से शोक संदेश भेज कर श्रद्धांजलि अर्पित की। हिमांशु ग्रोवर, पवन आहूजा, गुलशन ग्रोवर, दीपक ग्रोवर सहित परिवार के तमाम सदस्यों ने दूरदराज से आए लोगों और रोहतकवासियों का दुख की इस घड़ी में संवेदना व्यक्त करने पर धन्यवाद व्यक्त किया।

## नारी उदय फाउंडेशन के नेत्रहीन बच्चों ने नेशनल गोलबॉल चैंपियनशिप में पाया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक




नारी उदय फाउन्डेशन (द्वारा संचालित) कपिल अंध प्रकाश विद्यालय व प्रशिक्षण केंद्र घनीपुरा के नेत्रहीन बच्चों ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम सहारनपुर में 26 से 28 मार्च को हुए नेशनल गोलबॉल चैंपिशनशिप में हरियाणा बॉयस टीम (मनीष, गणेश, योगेंदर, धनेश्वर, धीरेंद्र, उत्तम) ने बिहार बॉयज टीम को 10-0 से मात दी। साथ साथ ही हरियाणा गर्ल्स टीम (सपना, अंतिम, कौशल्या, संतोष, मनीषा, पूजा) ने चंडीगढ़ गर्ल्स को 14-4 से मात देकर दूसरा स्थान हासिल किया। हरियाणा टीम की कोच रानी हुड्डा अहलावत ने कहा कि ये बच्चों की मेहनत का ही नतीजा है जो उन्होंने ये उपलब्धि हासिल की है। इन मौके पर कोच कोच विनय अहलावत, टीम मैनेजर कृष्ण फौगाट, टीम मैनेजर पूजा, गोलबॉल फेडरेशन से कुणाल, स्वराज, सुमित, ऋषिकांत, नरेश, संदीप फौगाट, जिला स्पोर्ट्स अधिकारी अनिमेष सक्सेना सहित अन्य मौजूद रहे।

## सफाई कार्यों में खामियां बरतने वाली कंपनी पर लगाया 25 हजार का जुर्माना

- कंपनी मैं पूजा कन्सुलेशन करती है निगम क्षेत्र में सफाई करने का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने बताया कि सफाई कार्य की जांच करने के लिए नगर निगम क्षेत्र विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गांव जठेरी व बहालगढ़ रोड़ में कई स्थानों में खूले में कूड़ा मिलने के साथ-साथ कूड़े में आग लगी मिली। उन्होंने कहा कि इन्ही खामियों के चलते सफाई का कार्य करने वाली मैं पूजा कन्सुलेशसन कंपनी रोहतक पर कार्यवाही करते हुए नगर निगम द्वारा 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि शहर में सफाई करने वाली कंपनी को सख्त निर्देश दिए गए है कि शहर में नियमित रूप से सफाई का कार्य निर्धारित समय सीमा में किया जाए, क्योंकि खुले में पड़े कूड़े और कूड़े में आग लगने से वातावरण दूषित होने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य को भी खतरा रहता है, जो किसी भी हालत में सहन नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारी लोगों की सुरक्षा और सुविधा के लिए सफाई कार्यों को प्राथमिकता के साथ दुरूस्त करवाने का कार्य करते हैं ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर निगम की सफाई वैन प्रतिदिन डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने का कार्य करती है।

### दीपेंद्र हुड्डा व सुशील गुप्ता ने एक-दूसरे के लिए मांगे वोट, केजरीवाल की गिरफ्तारी बताई निंदनीय

# रोहतक में कांग्रेस, आप व सीपीएम कार्यकर्ताओं का संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक





ये सिर्फ चुनावी हार-जीत की नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई है। इस लड़ाई को इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती के साथ लड़कर जीतेगा। ये ऐलान किया है राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने। दीपेंद्र हुड्डा बृहस्पतिवार को रोहतक में इंडिया गठबंधन के पहले संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। आम आदमी पार्टी द्वारा आयोजित सम्मेलन में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व कुरुक्षेत्र से प्रत्याशी सुशील गुप्ता विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस मौके पर इंद्रजीत सिंह और जगमति सांगवान समेत सीपीएम के भी कई नेताओं ने शिरकत की। सभी नेताओं ने रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा और कुरुक्षेत्र से सुशील गुप्ता के लिए वोट मांगे। सम्मेलन में सभी ने मंच से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को निंदनीय करार दिया और इसके विरुद्ध 31 तारीख को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली के लिए जनता को निमंत्रण भी दिया। पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने कहा कि रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा को जितवाने के लिए आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता कांग्रेसजनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा। यहां से इंडिया गठबंधन की बड़ी जीत तय है। गुप्ता ने कहा कि कुछ पार्टियां भाजपा के इशारे पर इंडिया गठबंधन की वोट काटने के लिए चुनाव मैदान में उतरेंगी। लेकिन जनता बीजेपी और बीजेपी के छिपे हुए सहयोगियों को वोट की चोट से सबक सिखाने का काम करेगी। वक्ताओं में विधायक बीबी बतरा, जगमति सांगवान, लवलीन टुटेजा व विधायक शकुंतला खटक आदि ने भी संबोधित किया।

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 29 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 18.7 डिग्री

10 डीईईओ ने महम खंड के स्कूलों का औचक...


12 लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट अवश्य डालें: डीसी


Farm House
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
44 फुट चौड़ी सड़के, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
मात्र 20 लाख में
M. 9832100036
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

## शहर में आज

- भाजपा कार्यालय सनसिटी सेक्टर 36ए में सुबह दस बजे लोकसभा के पूर्व सांसद अरविंद शर्मा का स्वागत समारोह किया जाएगा।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- खेड़ी साध फीडर सुबह दस बजे से एक बजे तक बाधित रहेगा।
- हरियाणा में 34 मिनी एवं सब जूनियर राष्ट्रीय मल्लखम्ब प्रतियोगिता

# 409 ने दिया सोशियोलॉजी का पेपर

## आज म्यूजिक और बिजनस स्टडीज का पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा बोर्ड की 12वीं कक्षा की सोशियोलॉजी( समाजशास्त्र) और एंटरप्रन्योरशिप की परीक्षा वीरवार को हुई। परीक्षा के दौरान 409 विद्यार्थी उपस्थित रहे और 12 छात्र परीक्षा देने नहीं पहुंचे। यहां ये भी बता दें कि कुल 421 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा देनी थी।

वहीं उड़नदस्तों ने वीरवार को भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और परीक्षा को सुचारू रूप से चलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

### 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 2 अप्रैल तक चलेंगी

बता दें कि हरियाणा बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 2 अप्रैल तक चलेंगी। अब 29 मार्च को बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का म्यूजिक और बिजनस स्टडीज का पेपर है। परीक्षा का समय दोपहर 12:30 से लेकर 3:30 मिनट तक है।

### आई कार्ड चेक करने के बाद ही एंट्री

परीक्षा के दौरान हर केंद्र पर दो दो ऑब्जरवर नियुक्त किए गए हैं। सभी विद्यार्थियों के आई कार्ड चैक करने के बाद ही उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाती है। वहीं विद्यार्थी भी परीक्षा के समय से करीब एक घंटा पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने शुरू हो जाते हैं। सेंटर के बाहर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से चले।

### 18 सेंटरों पर हुई परीक्षा

दसवीं और बारहवीं की परीक्षा के लिए जिले में 48 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वीरवार को 18 सेंटरों पर परीक्षा हुई। बता दें कि दसवीं की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं।

### एक भी यूएमसी नहीं

शिक्षा विभाग नकल रहित परीक्षाएं करवाने को लेकर प्रतिबद्ध है। वीरवार को हुई सोशियोलॉजी और एंटरप्रन्योर की परीक्षा में एक भी यूएमसी केस नहीं बना। उड़नदस्ते लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर आश्रम में दंत शिविर, 70 ने करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। जांच शिविर में लोगों को जानकारी देते डाक्टर। फोटो: हरिभूमि

सेक्टर-4 स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर आश्रम में हरि ओम सेवा दल निशुल्क दंत जांच शिविर लगाया गया।

शिविर में सेक्टर-3 पोली क्लीनिक से डॉ. पूर्णिमा अरोड़ा एवं डॉ. सौरभ ने लोगों के दांतों की जांच की व उन्हें ब्रुश करने का सही तरीका बताया। इस कैंप में 70 व्यक्तियों की आश्रम मरीजों सहित जांच की गई। इस अवसर पर आश्रम में महासचिव अस्वनी पाहवा, सतीश मोंगिया, एनके भुटानी, संजय खुराना, अशोक कत्याल, राजिंदर शर्मा एवं पूनम मिगलानी मौजूद रही।

## खबर संक्षेप

### बच्चे को कुत्ते ने काटा, मालिक के खिलाफ केस

**महम।** महम में वार्ड एक के ढेर पान्ना निवासी व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। व्यक्ति पर आरोप है कि उसने अपने कुत्ते को बांधकर नहीं रखा, जिस वजह से कुत्ते ने उसके पड़ोसी के बच्चे को काट खाया। पुलिस को दी शिकायत में राजू पुत्र सतवीर ने बताया कि उसका बेटा रोहित उसके घर के सामने खेल रहा था। उसके पड़ोसी सूरत सिंह ने अपना पालतू कुत्ता खोल दिया। जिसने उसके बेटे के कूल्हे पर से काट लिया। उक्त व्यक्ति के पास कुत्ता पालने का लाइसेंस नहीं है और न उसे रैबिज के इंजेक्शन लगवा रखे। इस कुत्ते ने ढेर पान्ना इलाके के अन्य बच्चों को भी काटा लिया है।

### चोरी की वारदात में दूसरा आरोपित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सदर थाना प्रभारी मुरारी लाल ने बताया कि गांव सांघी निवासी नरेश ने 23 मार्च को दी शिकायत बताया कि सांघी में उसका प्लाट है। जिसमें ट्रैक्टर ट्राली व अन्य सामान खड़ा करता है। 21 मार्च को खेती बाड़ी का सामान खड़ा कर घर चला गया। 22 को देखा तो मेन गेट का ताला टूटा है व प्लाट से टयूबल पंखा, लोहे के पाइप, गेंहू बोने की मशीन व अन्य सामान चोरी मिला। जांच के दौरान 27 मार्च को आरोपी जयभगवान निवासी गांव सांघी को गिरफ्तार किया गया है।

# शनिवार और रविवार को भी भर सकेंगे संपत्तिकर

## बकायेदारों को दी राहत, छूट के साथ बिल भरने की 31 अंतिम तिथि

### निगम आयुक्त अजय कुमार ने अधिकारियों की बैठक में दिए सख्त आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। नगर निगम अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए निगमायुक्त अजय कुमार। फोटो: हरिभूमि

प्रॉपर्टी टैक्स के बकायेदारों को बिल जमा करवाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। वे सरकार द्वारा दी गई छूट के साथ अवकाश के दिन बिल जमा करवा सकेंगे। शनिवार और रविवार को भी नगर निगम कार्यालय के काउंटर खोले जाएंगे। जहां अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए गए हैं। निगम आयुक्त अजय कुमार ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ प्रॉपर्टी टैक्स भरने से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। उन्होंने साफ कहा कि आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लेकर भी रिपोर्ट ली।

#### ज्यादा से ज्यादा टैक्स जमा करवाएं

निगम आयुक्त अजय कुमार ने मीटिंग में कर्मचारियों व अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि लोगों के कार्यों का समय पर निपटान किया जाए। सम्पत्तिकर शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ज्यादा से ज्यादा टैक्स जमा करवाया जाए। सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करने व 31 मार्च 2024 तक वर्तमान वित्तवर्ष व वर्ष 2010-11 से लेकर 2022-23 तक के बकाया सम्पत्तिकर पर 15 प्रतिशत की छूट व ब्याज राशि, पिछले ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाए। इसके लिए शनिवार व रविवार को भी नगर निगम कार्यालय में सम्पत्तिकर जमा करवाया जाए। उन्होंने कहा सम्पत्तिकर का बकाया भुगतान एवं अदेय प्रमाणपत्र पोर्टल पर कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को भी निर्देश दिए गए कि वे आमजन से प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द नियमानुसार समाधान करें ताकि उन्हे किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयुक्त ने कहा कि अंतिम तिथि होने की वजह से यह सुविधा दी जा रही है। बिल भरवाने के लिए काउंटरों पर कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने लोगों से भी टैक्स जमा करवाने के लिए अपील की। आयुक्त ने मीटिंग के दौरान सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं और सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से रिपोर्ट ली और काम पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने विकास कार्यों के लिए लगाए गए टेंडरों की भी जानकारी ली और हिदायत दी कि काम जल्द पूरे करवाए जाएं।

#### अप्रैल में चलेगा अभियान

अधिकारियों की मीटिंग में निर्णय लिया गया कि 31 मार्च तक टैक्स जोरशोर से जमा करवाया जाए। इसके बाद जो टैक्स बच जाएगा उसे भरवाने के लिए अभियान चलाए जाएंगे। जिसके तहत न केवल नोटिस दिए जाएंगे बल्कि सीलिंग कार्रवाई भी की जाएगी।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में संयुक्त आयुक्त विजय सिंह, अंकिता वर्मा, कार्यकारी अभियंता मंदीप धनखड़ व अमित कुमार, उपनिगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह, वरिष्ठ लेखा अधिकारी देवेन्द्र, सहायक नगर योजनाकार तिलक राज, सचिव नगर पालिका महम, कलानौर व सांपला आदि उपस्थित रहे।

# आत्महत्या के मामले में परिजन न्याय की मांग को लेकर पहुंचे एसपी आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। एसपी निवास के बाहर मृतक के परिजनों को समझाते डीएसपी।

- डीएसपी ने दिया पीड़ित परिजनों को आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन

तेज कॉलोनी के युवक द्वारा आत्महत्या के मामले में बृहस्पतिवार सुबह परिजन न्याय की मांग को लेकर एसपी आवास पहुंचे। इस दौरान एसपी नहीं मिलने के कारण मृतक विजय के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर डीएसपी रवि खुंडिया को मांग पत्र सौंपा। डीएसपी ने मृतक विजय के परिजनों को आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

बता दें कि तेज कॉलोनी निवासी विजय मजदूरी करता था। वह काफी समय से परेशान चल रहा था। उसके पास तीन बच्चे हैं। बड़े बेटे की शादी हो चुकी है। वह 26 मार्च की सुबह कहकर गया था कि काम पर जा रहा है। इसके बाद उन्होंने सुबह तीन बजे विजय के मोबाइल पर फोन किया तो पुलिस ने फोन उठाया और उन्हें होटल में बुलाया। वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि उसके भाई ने शौचालय के पंखे से फंदा लगाया हुआ था।

पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। वहीं, जयप्रकाश ने बताया कि रात को उनके मोबाइल पर विजय के मोबाइल से सुसाइड नोट भी भेजा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके भाई को कई दिनों से परेशान किया जा रहा था जिसमे पांच लोग शामिल हैं जिसमे से एक युवक पुलिसकर्मी है। पुलिस कर्मी उसके भाई को नशे के झूठे केस में फंसाना चाहता था जिससे तंग होकर उसके भाई ने आत्महत्या की है। परिजनों ने एसपी से आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी की मांग की है।



## मेडल विजेता सुधीर पावड़िया का सिंहपुरा ने भव्य स्वागत

**रोहतक।** पिछले दिनों तमिलनाडू में नेशनल व्हील चेयरफेंसिंग चैंपियन का आयोजन किया गया। इसमें गांव सिंहपुरा के सुधीर पावड़िया ने 1 गोल्ड 2 सिल्वर 1 ब्रोंज जीते। रामनिवास ने बताया कि स्वागत समारोह में महम के विधायक बलराज सिंह कुंडू समेत धौड़ गांव से आए पावड़िया परिवार भी शामिल रहे। विधायक ने सुधीर और इनके कोच नकद राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पावड़िया स्पोर्टस नेशनल कबड्डी अकेदमी सीकर ने सुधीर को स्मृति चिह्न दिया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने सुधीर के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**सख्त निर्देश** | बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य पर किया जाए विशेष फोकस

# एडीसी ने बाल संस्थाओं का किया निरीक्षण, कहा बच्चों को उपलब्ध करवाए पारिवारिक माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। जगन्नाथ आश्रम भवन व जन सेवा संस्थान का निरीक्षण करतीं अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह। फोटो: हरिभूमि

- बच्चों की पूर्ण जानकारी इन रजिस्टर में डाली जाए

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने वीरवार को जिला स्तरीय निरीक्षण कमेटी के साथ जगन्नाथ आश्रम भवन व जन सेवा संस्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने इन संस्थानों में बच्चों को उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं को भी जांचा। अतिरिक्त उपायुक्त ने संस्थान में कार्यरत संस्था संचालकों को निर्देश दिए गए कि बच्चों की स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। संस्थान में रहने वाले प्रत्येक बच्चे को स्वास्थ्य, शिक्षा व घर जैसा माहौल उपलब्ध करवाया जाए ताकि ये बच्चे एकांत महसूस ना करें। उन्होंने कहा कि संस्थान में रहने वाले प्रत्येक बच्चे को अपना भाई-बहन समझे। अतिरिक्त उपायुक्त ने संस्था संचालकों को यह भी निर्देश दिए कि संस्थान के प्रत्येक रजिस्टर को दुरुस्त किया जाए व हर आने जाने वाले बच्चों की पूर्ण तौर पर जानकारी इन रजिस्टर में डाली जाए।

### विशेष श्रेणी के बच्चों का सिरतार में प्रवेश करवाया जाए

वैशाली सिंह ने कहा कि विशेष श्रेणी के बच्चों का सिरतार संस्था में प्रवेश करवाया जाये। संस्था में दानी दाताओं से लिए जाने वाला सारा सामान चेक करके लिया जाए। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि एक महीने में दो विजिट विशेष बच्चों के स्वास्थ्य कैंप के लिए लगाये जाएं। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ. केएल मलिक, मनोवैज्ञानिक डॉ. विपिन, सुभाष गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सैनी, बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन आशा आहूजा, मोनी, पूनम व संस्था संचालक उपस्थित रहे।

## एमडीयू ईसी ने वार्षिक लेखा रिपोर्ट को मंजूरी दी



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कार्यकारी परिषद की वीरवार को आयोजित 291 वीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के विश्वविद्यालय बजट, वित्तीय वर्ष 2022-23 की बैलेंस शीट, 45 वीं वार्षिक रिपोर्ट तथा वर्ष 2021-2022 तथा 2022-2023 की वार्षिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान की गई। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यकारी परिषद की बैठक में विश्वविद्यालय वित्त समिति द्वारा अनुशंसा किए गए तथा पारित विश्वविद्यालय बजट, बैलेंस शीट तथा वार्षिक लेखा रिपोर्ट को मंजूरी दी गई। मीटिंग में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में एडजेंक्ट फैकल्टी तथा डिस्टिंग्विंश्ड विजिटिंग फैकल्टी लगाने, तथा सात गैर शिक्षकों को पदोन्नति को भी मंजूरी दी गई। इमसार में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर पद पर कार्यरत डॉ. अमन कुमार की प्रतिनियुक्ति अवधि में विस्तार किया गया।

# नगराधीश ने अर्पण संस्था का किया दौरा



- इंचार्ज नीलम कटारिया ने संस्था के कार्यों की जानकारी दी

**रोहतक।** नगराधीश अंकित कुमार ने मानसिक दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कर रही अर्पण और सरवन संस्था का दौरा किया। उन्होंने दोनों संस्थाओं द्वारा दी जा रही सभी प्रकार की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अर्पण स्कूल इंचार्ज नीलम कटारिया ने संस्था के कार्यों की जानकारी दी। अर्पण स्कूल में मानसिक दिव्यांग छात्रों की ट्रेनिंग के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि संस्था में हॉस्टल सुविधा, बस सुविधा, वोकेशनल ट्रेनिंग, स्पेशल एजुकेशन की ट्रेनिंग, फिजियोथैरेपी की ट्रेनिंग, खेल कूद, म्यूजिक, कंप्यूटर, आर्ट क्राफ्ट आदि सुविधाएं मौजूद हैं। यहां से बच्चे बेहतर ट्रेनिंग लेकर आगे आत्म निर्भर बन सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### हरियाणा जंप रोप संघ में ट्रेनिंग सेमिनार

**रोहतक।** हरियाणा जम्प रोप संघ के तत्वधान में एसडी पब्लिक स्कूल में जंप रोप ट्रेनिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। यह जानकारी हरियाणा जंप रोप संघ के महासचिव वीर सिंह आर्य ने दी। उन्होंने बताया कि रोहतक, झज्जर, गुरुग्राम, जींद, हिसार आदि जिलों के 60 लड़के व लड़कियों ने सेमिनार में हिस्सा लिया और तकनीकी गुरु सीखे।



### महिलाओं की सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित

**रोहतक।** केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के तत्वाधान में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं का बचाव एवं सुरक्षा विषय पर केंद्रीय पंचायतीराज संस्थाओं के संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा सहित देश के 7 राज्यों ने भाग लिया। हरियाणा प्रदेश की तरफ से नीलोखेड़ी स्थित एचआईआरडी की राज्य योजना, प्रबंधन एवं विकास अधिकारी डॉ. नीलम छिक्कारा, रोहतक जिप की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा आदि ने सुझाव दिए।



### वैश्य तकनीकी संस्थान के 11 छात्रों का चयन

**रोहतक।** वैश्य तकनीकी संस्थान में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि राजकीय बहुतकनिकी महम में आयोजित कैंपस रिक्रूटमेंट में वैश्य तकनिकी संस्थान के इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रोनिक्स, मेक्निकल एवं ऑटोमोबाइल ब्रांच के 11 छात्रों-छात्राओं का चयन मदर्सन सूमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड कंपनी में हुआ है। प्राचार्य संजीव कुमार गुप्ता ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# निजी संपत्ति पर प्रचार सामग्री लगाने के लिए मालिक की अनुमति लेना जरूरी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ संपत्ति विरूपण रोकथाम हिदायतों का सख्ती से करें पालन : जिलाधीश



जिलाधीश अजय कुमार ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संपत्ति विरूपण रोकथाम के तहत जारी की गई हिदायतों के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के लिए राजनीतिक पार्टियों, एसोसिएशनों, चुनाव प्रत्याशियों के लिए आदेश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग द्वारा संपत्ति विरूपण के मामलों की जांच के लिए संबंधित एसएचओ के नेतृत्व में उड़नदस्ते गठित किए जाएंगे।

इन हिदायतों की उल्लंघना अथवा अनुपालना न करने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। अजय कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार कोई भी राजनीतिक दल अथवा चुनाव प्रत्याशी अपने समर्थकों को व्यक्तिगत भूमि, भवन, परिसर, दीवार इत्यादि पर मालिक की अनुमति के बिना झंडे, बैनर्स, नोटिस तथा स्लोगन इत्यादि लगाने के लिए अनुमति नहीं देगा। यदि भवन के मालिक की अनुमति के बिना सार्वजनिक या निजी संपत्ति के विरूपण का मामला संज्ञान में आता है तो संबंधित पार्टी, एसोसिएशन, चुनाव प्रत्याशी, व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धाराओं 425, 426, 427 व 433 इत्यादि, अपराध प्रक्रिया नियमावली 1973 धारा 133 तथा हरियाणा संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम एवं नगर निकाय कानून के तहत कार्यवाही की जाएगी। संपत्ति से ऐसी प्रचार सामग्री हटाने का खर्च भी जिला प्रशासन द्वारा संबंधित पार्टी, एसोसिएशन, चुनाव प्रत्याशी व व्यक्ति इत्यादि से वसूला जाएगा। जिलाधीश अजय कुमार द्वारा जारी आदेश के तहत सार्वजनिक भवनों में साइन बोर्ड, राजमार्ग पर अंकित दिशा संकेत, सडक़ों के महत्वपूर्ण सेक्शन, मिल के पत्थर, सावधानी नोटिस बोर्ड इत्यादि संपत्तियों को शामिल किया गया है, हालांकि यह केवल इन्हीं तक सीमित नहीं है। रेलवे प्लेटफार्म, बस अड्डा या अन्य स्थान पर आम जनता की सुविधा के लिए नोटिस या संकेत चिन्ह प्रदर्शन किए जाएंगे। उपरोक्त सार्वजनिक संपत्ति को चुनाव प्रचार के लिए विरूपित करने वालों के विरुद्ध मुकदमा चलाया जाएगा। जारी आदेश के तहत सहायक रिटर्निंग अधिकारी इन हिदायतों को लागू करने तथा निगरानी के लिए प्रवर्तन मजिस्ट्रेट होंगे। संबंधित एसएचओ, बीडीपीओ, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त, नगर पालिकाओं के सचिवों द्वारा आवश्यक सहायता प्रदान की जायेगी। जिला में पड़ने वाली प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 6 उड़नदस्ते गठित किए गए हैं। उड़नदस्तों के प्रभारी इन हिदायतों की उल्लंघना की रिपोर्ट जिलाधीश को देंगे।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट अवश्य डालें : उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार के दिशा निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा व्यवस्थित मतदाता, शिक्षा और चुनावी भागीदारी (एसवीईईपी) कार्यक्रम के तहत गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करना है। स्वीप की नोडल अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह (आईएएस) ने अधिकारियों की मीटिंग लेकर उन्हें निर्देश दिए है कि प्रत्येक विभाग मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए कोई ना कोई गतिविधि लगातार आयोजित करें। इन्ही निर्देशों की अनुपालना में विभिन्न विभागों ने स्वीप गतिविधियों तेज कर दी है। प्रेरणा महिला ब्लॉक संगठन लाखनमाजरा द्वारा निष्पक्ष व अधिकतम मतदान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजकीय महिला महाविद्यालय



सांपला की एनएसएस विंग द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में राष्ट्र के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई गई। राजकीय महाविद्यालय सांपला में आयोजित कार्यक्रम में युवा मतदाताओं को न केवल स्वयं मतदान करने बल्कि अपने परिजनों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

# 2.10 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य, प्रशासन ने शुरू की तैयारी

## मंडियों की साफ-सफाई प्रारंभ, अप्रैल के दूसरे सप्ताह में शुरू होगी आवक

■ जिले में मंडी और परचेज सेंटर मिलाकर कुल नौ-दस जगहों पर सरकार खरीद करेगी

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

एक अप्रैल से प्रदेश में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होनी है। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। जिले में मंडी और परचेज सेंटर मिलाकर कुल नौ-दस जगहों पर सरकार खरीद करेगी। मंडियों और परचेज सेंटरों की साफ-सफाई समेत मूलभूत जरूरतें किसानों को उपलब्ध करवाने के लिए मार्केटिंग बोर्ड अब काम करवा रहा है। जिले से इस बार 2 लाख 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य सरकार ने निर्धारित किया है।

### लक्ष्य हासिल करने में...

हालांकि ये लक्ष्य पूरा होगा, इसकी उम्मीद काफी कम है। क्योंकि गत 2 मार्च को तीस गांवों में हुई बेमौसमी बारिश और भारी ओलावृष्टि ने गेहूं फसल में 80 प्रतिशत तक नुकसान कर दिया था। ऐसा दावा किसानों ने डीसी कार्यालय पहुंचकर किया था। ऐसे में सरकार को लक्ष्य हासिल होना काफी मुश्किल होगा। जिले में अमूमन अप्रैल के दूसरे सप्ताह में ही फसल की आवक शुरू होती है। ऐसे में अभी प्रशासन के पास आठ दस दिन का समय और है, जिसमें मंडियों में तमाम प्रकार की जरूरत किसानों को मुहैया करवाई जा सकें। दिन-प्रतिदिन तापमान बढ़ रहा है। यह गेहूं समेत रबी की दूसरी फसलों की सही पकाई के लिए जरूरी भी है। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मुताबिक शुक्रवार 29 मार्च तक वर्तमान सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ की गतिविधियां खत्म हो जाएगी। इसके बाद मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगा। अब कम से कम एक महीना तक मौसम बिल्कुल साफ रहेगा तो ही गेहूं की कटाई-कढ़ाई हो सकेगी।

ध्यान रहे कि मार्च 2023 के अंतिम सप्ताह में जिले के कई गांवों में भारी ओलावृष्टि से गेहूं-सरसों और दूसरी फसलें तबाह हो गई थी। इससे पहले साल 2022 की जनवरी में हुई बेमौसमी भारी बरसात ने गेहूं को खत्म कर दिया था।

### साफ-सफाई करवाने के लिए काम अलॉट किए



मार्केटिंग बोर्ड के सचिव देवेंद्र सिंह ढुल बताते हैं कि गेहूं की खरीद काहनौर में परचेज सेंटर, कलानौर में मंडी, मदीना में परचेज, महम में मंडी, लाखनमाजरा, सांघी, किलोई, हसनगढ़ में परचेज सेंटर से तथा सांपला में मंडी से होगी। मंडियों में गेहूं की खरीद चूंकि एक अप्रैल से होनी है, इसलिए तब तक तमाम प्रकार की वे जरूरतें मंडी में उपलब्ध करवा दी जाएंगी, जो किसानों को दी जाती हैं। सचिव ने कहा कि मंडियों की साफ-सफाई करवाने के लिए काम अलॉट किए जा चुके हैं। बिजली और पानी की व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। हसनगढ़ परचेज सेंटर पर कई साल से गेहूं की आवक नहीं हो रही है। इसलिए इस सेंटर पर इस बार भी गेहूं की आवक नहीं होगी। हसनगढ़ व इसके आसपास के गांवों के किसान सांपला मंडी में ही अपनी फसल की बिक्री करते हैं।

### किसान अपनी फसल सूखाकर लाएं



खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक बिजेंद्र बताते हैं कि गेहूं खरीद के लिए प्रशासनिक तैयारियां की जा रही हैं। मैं किसानों से अनुरोध करूंगा कि वे फसल को पूरी तरह से सूखाकर ही मंडियों और खरीद सेंटर पर लाएं। ताकि एजेंसियों को गेहूं खरीदने में दिक्कत न हो। मेरा अनुमान है कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह में मंडियों में गेहूं की आवक शुरू होगी। क्योंकि रोहतक जिले में करीब एक सप्ताह देरी से फसल की आवक शुरू होती है।



फाइल फोटो

## किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ भाजपा सरकार को घेरने को लेकर किया मंथन

अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के वाईस चेयरमैन व हरियाणा के प्रभारी अखिलेश शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश में किसान और मजदूरों पर जुल्म ढाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है ऐसे में किसान कांग्रेस ने फैसला लिया है कि हर लोकसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान योद्धा बनाए जाएंगे जो किसान-मजदूरों के प्रहरी बनेंगे। किसान योद्धा घर घर जाकर सरकार की पोल खोलने के साथ कांग्रेस पार्टी की नीतियों से लोगों को अवगत कराएंगे।

उन्होंने कहा कि भारत जोड़ों न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने किसानों के लिए इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों के लिए एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की गारंटी देने की अहम घोषणा की है जिससे किसानों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि किसान न्याय गारंटी के तहत कृषि सामग्रियों पर से जीएसटी हटाया जाएगा। कृषि ऋण माफी निर्धारित करने के लिए आयोग की स्थापना की जायेगी। इसके साथ किसानों के हित के लिए आयात-निर्यात नीति का निर्धारण किया जायेगा।इन सब गारंटियों को किसान योद्धा हर घर लेकर जाएंगे। इसके लिए एक अप्रैल को रोहतक में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। हरियाणा के सह प्रभारी और पूर्व मंत्री ओमवीर तोमर ने कहा कि तेरह महीने तक चले किसान आंदोलन में हरियाणा ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई थी और केंद्र सरकार को तीन काले वापिस लेने को बाध्य कर दिया था। उन्होंने कहा कि जनता तैयारी बैठी है और लोकसभा चुनावों में हर जुल्म का गिन गिन कर बदला लेंगे। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारी अनंत दहिया, ओमप्रकाश खत्री, राजू मान, आजाद सिंह मलिक, धीरज गाबा, सतबीर खटाना, रवीना कुमारी, सत्यवीर झुकिया, प्रिया ग्रेवाल, कृष्ण राव, प्रदीप ठाकरान, रणदीप मलिक, इब्राहिम इंजीनियर, दीपक त्रिपाठी समेत अनेक अन्य वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद रहे।

## एचडी स्कूल में प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** खेड़ी महम के एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी महम में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

स्कूल निदेशक कुलवंत सिंह नहरा ने अपने सभी अभिभावकों को बधाई दी तथा बताया कि अपनी -अपनी कक्षाओं में प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले विद्यार्थियों को हर वर्ष की भांति स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अपनी कक्षा में रेगुलर रहने वाले विद्यार्थी तथा अपनी कक्षा में 90 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रोग्राम की प्रस्तुति देकर अभिभावकों का मन मोह लिया। इस मौके पर उपप्राचार्या इंदु नहरा, स्कूल सचिव संजीव छिल्लर व समस्त स्टाफ़ सदस्य उपस्थित थे।

## एनएसएस के छात्रों ने रंगा रंग कार्यक्रम पेश किए

**सांपला।** सर छोटू राम पॉलिटेक्निकल कॉलेज में चल रहे एनएसएस शिविर के पांचवे दिन स्वयं सेवकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इसके अलावा वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्राचार्य डॉक्टर गीता गुलिया ने कहा कि विद्यार्थियों को इस तरह के कार्यक्रमों से समाज सेवा और प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा अवसर मिलता है। शिविर इंचार्ज राकेश गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को पर्यावरण दिवस के तौर पर पौधारोपण किया जाएगा।

## शिविर में महिलाओं का स्वास्थ्य जांचा

**रोहतक।** सहेली क्लब द्वारा वीरवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 25 महिलाओं की निशुल्क मैमोग्राफी की गई।



इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधी टिप्स भी दिए गए। इस मौके पर क्लब की प्रधान सरिता जैन, मधु अरोड़ा, वीना बंसल, रश्मि डाबरा, पिंकी गर्ग, रोजी खनेजा, मीरा बंसल, आशा जैन, सविता परूथी, सोनिया बतरा, पूनम गुप्ता, सुमन अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, मंगेश पत्नी श्री रामबीर निवासी लाखनमाजरा तह. महम जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र ओमकार मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## लगातार जल प्रदूषण और जल दोहन बढ़ रहा : छारा



**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा में एनएसएस वालिंटियर्स के साथ मौजूद शिक्षक दीपक छारा। फोटो :

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा में सुनो नहरों की पुकार मिशन के संरक्षक व शिक्षक दीपक छारा द्वारा सात दिवसीय एनएसएस कैम्प के छठे दिन जल स्वच्छता व संरक्षण के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को पेयजलापूर्ति का एकमात्र स्त्रोत नहरों को अंधविश्वास के नाम पर प्रदूषित न करने के लिए और जल की बर्बादी रोकने के लिए जागरूक किया गया।

यह जानकारी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनील भारद्वाज ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनो नहरों की पुकार मिशन के संरक्षक दीपक छारा व विशिष्ट अतिथि प्राध्यापक बुध सिंह व सुरेंद्र खंडेलवाल रहे। कार्यक्रम अधिकारी सीमा सिंह ने वक्ताओं को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए दीपक छारा ने बताया कि पहले पेयजल के स्त्रोत कुएं, तालाब जोहड़, बावड़ी व नलकूप आदि होते थे, जो धीरे-धीरे खत्म होते जा रहे हैं। अब अधिकतर आबादी पेयजल के लिए नहरों पर आश्रित है लेकिन कुछ लोग अंधविश्वास के कारण नहरों के बहते हुए पानी मे प्लास्टिक, तस्वीरे, मूर्तियां, नारियल, अनाज, फल, फूल और 80 तरह के सामान डाल देते हैं। जिससे नहरों का पानी दूषित हो रहा है। गणित प्राध्यापक बुद्ध सिंह ने बच्चों को जल प्रदूषण न करने की शपथ दिलवाई और जल बचाने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनील भारद्वाज व सीमा सिंह ने वक्ताओं को स्वयंसेवकों की तरफ से आश्वस्त किया कि वो जल की बरबादी रोकेंगे प्रदूषण रोकने के लिए समाज में आमजन को भी जागरूक करेंगे। ताकि आने वाली पीढ़ियों को गम्भीर जल

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्यायें
M. 8689006190, 8708047093
मर्दाना ताकत, 7 दिन वाला कोर्स
नसों का ढीलापन अविकसित अंग धात, शीघ्रपतन, कम निल शुक्राणु स्त्री रोग, फिगर बनाएं
DR. K.K. SHOREN, B.A.M.S
जुनेजा मॉर्डन फार्मेसी
सैक्टर 2-3 पार्ट, 1866, नजदीक लिटल श्री स्कूल, रोहतक

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
ACCOUNTANT 1
RECEPTIONIST 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

JOIN CRASH/1YEAR COURSE
CUET
SCIENCE I HUMANITIES I COMMERCE I APTITUDE
IPM (5 Years MBA)
IIM Rohtak, Indore, Jammu, Ranchi, Bodhgaya
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

बवासीर व पुरुष समस्या विशेषज्ञ
98123-13648
शादी से घबराहट जोश व टाईम बढ़ाएं
उम्र की अधिकता या अन्य कारण से आई शारीरिक कमजोरी, निःसंतान मिलें
जब कहीं न आए आराम, हम करेंगे समाधान
Super Specialist नकलचियों से बचें
डॉ. मोहित जुनेजा
M.D. Ayurved (UK)
रोहतक: दिल्ली रोड, राज सिनेमा साथ, बैसमेंट के अंदर।